**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 19-03-2005**

**Participants : Kumar Shri Shailendra**

an>

Title: Need to include the inhabitant of river banks in the Scheduled Caste category and take measures to improve their living standards.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** माननीय अध्यक्ष जी, पूरे देश में नदियों के किनारे निवास करने वाले निाद, बिन्द, कश्यप, केवट, गुड़िया, रैकबार, तुराहा, मझदार और माझी आदि जातियों को अनुसूचित जातियों का लाभ नहीं मिल रहा है जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ने 20 फरवरी 2004 को उनको अनुसूचित जाति की सुविधा दिए जाने की घोाणा की थी। 10 मार्च 2004 को विधान सभा से प्रस्ताव पारित होकर केन्द्र सरकार के पास भेज दिया गया। एक वा हो रहा है लेकिन इस पर केन्द्र सरकार का कोई निर्णय अभी तक नहीं आया है जबकि यह लड़ाई 1974 से निाद समुदाय लड़ रहा है। केन्द्र सरकार तत्काल निाद समुदाय को अनुसूचित जाति में शामिल करके समुचित सुविधा देने की व्यवस्था करे।